आकाशवाणी श्री विजयपुरम

06.02.2025 समय : 1850

- परीक्षा पे चर्चा दस फरवरी को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से छत्तीस विद्यार्थी चयनित ।
- अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला शाखा की ओर से साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।
- अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव की ओर से सभी विभागों में तिमाही आधार पर मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश ।
- दक्षिण अंडमान के रटलैंड में आठ फरवरी को प्रजनन और बाल स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण, आठ एपिसोड के एक नए प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में इस महीने की दस तारीख को आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे और अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से छत्तीस विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। ये विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सीधी बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा एक संवादात्मक कार्यक्रम है जिसमें भारत तथा विदेशों के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक प्रधानमंत्री के साथ चर्चा करते हैं तथा परीक्षा के तनावों से उबरने को लेकर सकारात्मक बातचीत करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए एक ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा के जरिये छह से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का चयन किया जायेगा। इस वर्ष मंत्रालय को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साढ़े तीन करोड़ से अधिक भागीदारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला शाखा, की ओर से साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सी आई डी के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मीना, जबकि ए एन सी सी आई के अध्यक्ष डॉ. के. चंद्रशेखरन और कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर पर्ल देवदास सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को साइबर अपराधों से जागरूक करने और उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। महिला शाखा की अध्यक्षा जुबैदा बेगम ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने के लिए गांव–गांव जाकर विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज भारतीय तटरक्षक के उनचासवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय तटरक्षक पोत विजित द्वारा तटरक्षक क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहर के सात विद्यालयों ने भाग लिया। आकाशवाणी के साथ खास बातचीत में असिस्टेंट कमांडेंट चिराग सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव ने सभी विभागों में तिमाही आधार पर मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। आज पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा निदेशालय में भूकंप और आग की घटना पर पहली मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन, अंडमान निकोबार पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एनडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग शामिल हुए। मॉक ड्रिल के बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में बताया। संसाधन विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया कि वे अपनी तैयारियों की नियमित जांच करें और निकट भविष्य में किसी भी संकट से निपटने के लिए अपनी टीमों को सुरक्षा उपायों पर बुनियादी कौशल के साथ प्रशिक्षण प्रदान करें।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के रटलैंड में रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ पर शिविर आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और अनिम्स के सहयोग से आठ फरवरी, को सुबह दस बजे से शिविर में सेवाएं शुरू होंगी। स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने आकाशवाणी से खास बातचीत में रटलैंड के जरूरतमंद मरीजों से इस अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की तीसवीं बैठक कल श्रम आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रम एवं रोजगार सचिव एल. कुमार ने की। बैठक में प्रशासन, नियोक्ताओं एवं ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सहायता के विस्तार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सचिव ने द्वीपसमूह में विभिन्न स्थलों पर निर्माण गतिविधियों में लगे श्रमिकों के बीच जागरूकता पैदा करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। बोर्ड ने पेंशन, शिक्षा, मातृत्व और मृत्यु सहायता सहित निर्धारित कल्याणकारी योजनाओं के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के उनतीस दावों के निपटान के लिए साढ़े तीन लाख से अधिक रुपये जारी करने की मंजूरी दी। बोर्ड पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लाभ के लिए नौ कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रहा है।

<><><><><><>

निकोबार ज़िला प्रशासन की ओर से कैम्पबेल बे में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आज स्कूटी रैली निकाली गई। रैली को लक्ष्मीनगर पंचायत प्रधान प्रहलाद सिंह और उप–प्रमुख संजय एक्का ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जेट्टी बाजार स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य सेविका बृंदा ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>